Govt. College Kullu (H.P.)
College Activity

Sr. No.	Particular	Remarks
1	Date	21-09-2023
2	Name of Activity	Seminar on Career Counseling and Guidance
3	Name of Unit/Agency/Department organizing the Activity	Career Counseling and Guidance Cell G.C.Kullu
4	Name of Collaborating Agency (If Any)	NA
5	No. of Student Participants	838
6	No. of Teacher Participants	15
7	**Brief Report**	

सफलता का कोई शार्टकट रास्ता नहीं

संवाद न्यूज एजेंसी

कुल्लू कॉलेज में कॅरिअर परामर्श एवं मार्गदर्शनि सेल ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

कुल्लू। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय कुल्लू में वीरवार को कॅरिअर परामर्श एवं मार्गदर्शन सेल ने विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान का आयोजन किया। वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को अपनी क्षमता के अनुसार कॅरिअर चुनने की सलाह दी।

सफलता के लिए कड़ी मेहनत का पाठ पढ़ाया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोशन लाल बतौर मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में सहायक प्रोफेसर डॉ. मान सिंह राणा ने जनरल साइंस में कॅरिअर शीर्षक पर व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित करने तथा उसे पाने के लिए ईमानदारी से प्रयास करने का सुझाव दिया। डॉ. राणा ने विज्ञान के क्षेत्र में कॅरिअर की विविध संभावनाओं पर जानकारी दी।

द्वितीय सत्र में वाणिज्य विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. मनीष सूद ने स्नातक के बाद कॅरियर शीर्षक से जुड़ी जानकारी दी।

उन्होंने विद्यार्थियों को केंद्रीय सेवाओं की परीक्षा प्रणाली के बारे में बताया। डॉ. सूद के कहा कि सफलता का कोई शार्टकट रास्ता नहीं होता है। तृतीय सत्र में पर्यटन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. हीरामणि ने सिविल सर्विसेज और सीडीएस सेवाओं के बारे में बताया।

प्राचार्य डॉ. रोशन लाल ने विद्यार्थियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कॅरिअर परामर्श एवं मार्गदर्शन सेल के प्रभारी डॉ.. राजेश कुमार ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अवधेश कुमार यादव ने किया।

इस दौरान डॉ. सोम किशन, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. बिंता ठाकुर, डॉ. मान सिंह राणा, डॉ. आरआर पठानिया, डॉ. हरि सिंह ठाकुर आदि मौजूद रहे।

Principal
Govt. College
Kullu (H.P.)

Organizer
Career Counseling and Guidance Cell
Govt.College Kullu

Principal
Govt. College Kullu (H.P)